तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 9 मई 2026



11 2 करोड़ 37 लाख की सड़क निर्माण स्वीकृति पर ग्रामीणों ने...





12 सरकार ग्रामीणों की समस्याओं का कर रही...











## खबर संक्षेप

### मोंगरा में नाग का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा गया



**छुरा।** ग्राम मोंगरा के सब्जी प्लॉट क्षेत्र में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक घर की रसोई में एक विशालकाय दूध नाग जा पहुंचा। इस घटना ने न केवल परिवार को खौफजदा कर दिया, बल्कि पूरे मोहल्ले में सनसनी फैला दी। मोंगरा निवासी दिलीप कुमार का परिवार हर रोज की तरह अपने कामकाज में व्यस्त था। जब परिवार का सदस्य कुछ काम से किचन में दाखिल हुआ, तो वहां के नजारे ने उनके पैरों तले जमीन खिसका दी। बर्तनों के बीच कुंडली मारे एक जहरीला नाग फुफकार रहा था। सांप को देखते ही घर में चीख-पुकार मच गई। देखते ही देखते घर के बाहर ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। दिलीप कुमार ने तत्काल संयुक्त वन प्रबंधन समिति मोंगरा के अध्यक्ष रामचंद्र नायक को फोन कर घटना की जानकारी दी। उन्होंने बड़ी ही सावधानी से नाग को बिना कोई नुकसान पहुंचाए एक विशेष पिटारे (डिब्बे) में कैद कर लिया। सांप को बस्ती से दूर घने जंगल में ले जाकर सुरक्षित छोड़ा गया।

### 5 लीटर शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार



**राजिम।** थाना राजिम पुलिस टीम द्वारा अवैध मसाला-देशी शराब के विरूद्ध धर पकड़ की कार्यवाही की गई। आरोपी द्वारा अपने साइकिल के पीछे कैरियर में सफेद लाल रंग के थैले में भारी मात्रा में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री के लिए परिवहन करने राजिम से पितईबंद एनीकट मार्ग की ओर जा रहा है। जिसे रोक पूछताछ करने पर अपना नाम ओंकार उम्र 42 वर्ष वार्ड क्र. 15 का रहने वाला बताया। जिसके कब्जे से 30 नग देशी मदिरा मसाला कुल 5.400 लीटर कीमती 3000 रुपए के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी का कृत्य आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने से आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

### कलेक्टर को गिनाईं समस्याएं, कहा - सरपंच के हाथ एक ढेला तक नहीं आता

# काम नहीं मिलने से नाराज सरपंच बैठे धरने पर, सुशासन तिहार से बनाई दूरी



#### सरपंचों से मिलने पहुंचे जिला पंचायत सीईओ

सरपंचों के धरने की सूचना मिलते ही प्रदर्शन कर रहे सरपंचों के बीच सीईओ जिला पंचायत प्रखर चंद्राकर पहुंचे। उन्होंने सरपंचों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। साथ ही सरकारी योजनाओं के तहत निर्माण कार्योंर् की मंजूरी दिलाने का भरोसा भी दिलाया।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर/ गरियाबंद

जिले के देवभोग ब्लॉक में आज शुक्रवार को प्रशासन माडागांव में शिविर लगाकर सुशासन तिहार मना रही है, लेकिन इस सरकारी तिहार में सरपंच शामिल नहीं हुए साथ ही आगामी शिविरों में भी किसी प्रकार का सहयोग न करने का मन बना लिया है ब्लॉक सरपंच संघ के अध्यक्ष पवन यादव ने बताया ब्लॉक के 53 पंचायतों के सरपंचों ने बैठक कर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है। सरपंच रौशनी प्रधान ने कहा कि हम सरकार के इस तिहार का विरोध नहीं कर रहे, पर हम सहयोग भी नहीं करेंगे कारण के सवाल पर कहा कि जनता के मांग पर एक नाली का निर्माण तक नहीं करा पा रहे हैं। मांग पत्र कलेक्टर से लेकर मंत्री और मुखिया तक दे चुके हैं, पर काम मंजूरी के रास्ते अब अलग हो गए हैं। सक्षम और पावरफुल लोग काम ले आते हैं, सरपंचों के कंधे का इस्तेमाल कर काम करा लेते हैं, पर सरपंच के हाथ एक ढेला तक नहीं आता। 2 साल होने को है, इसी तरह उपेक्षा का शिकार देवभोग के सरपंच ही रहे हैं। जिले के अन्य ब्लॉक में भरपूर काम पर देवभोग की उपेक्षा पर ध्यान आकर्षण कराना हमारा उद्देश्य है।

#### पंचायतों में केवल मिट्टी कार्य देकर खानापूर्ति

ब्लॉक के 53 में से 40 से ज्यादा पंचायत के सरपंच धरने पर बैठे हैं। वे कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन भी बनाए हैं, जिसमें लगातार हो रही उपेक्षा का दर्द छलकता दिखा। लिखा कि देवभोग ब्लॉक में मांग के बावजूद रोजगार मूलक और हितग्राही मूलक कार्य मंजूर नहीं किया जा रहा है। मिट्टी कार्य देकर खानापूर्ति की जा रही है, जबकि मटेरियल वर्क की भी आवश्यकता है। मांग और निर्देश के बावजूद सरपंच पीएम आवास हितग्राहियों को रॉयल्टी मुक्त रेत नहीं दिला पा रहे हैं।

# फिंगेश्वर नगर पंचायत में पार्षदों का फूटा गुस्सा

#### परिषद की बैठक का किया बहिष्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर पंचायत के पार्षदों ने नगर विकास के कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाते हुए परिषद की बैठक का बहिष्कार किया। पार्षदों ने कहा कि नगर का पूरा विकास कार्य ठप्प पड़ा हुआ है किसी भी प्रकार से कार्योंर् में कोई प्रगति नजर नहीं आ रही है।जगह जगह गड्ढे टूटी फूटी बदबूदार नालियां और सफाई के अभाव में सकरी गलियों में चलना मुश्किल हो गया है।नगर विकास के नाम पर महज खाना पूर्ति करते हुए शासन से मिले अनुदान राशि का बंदर बाट किया जा रहा है।नगर प्रशासन की अकर्यमनता के चलते जनआक्रोश का सामना पार्षदों को करना पड़ रहा है।जीवन दायिनी सरार से लेकर अधोसंरचना मद की राशि का सदुपयोग की विश्वसनीयता संदेहास्पद है।कमीशन खोरी के चलते गुणवत्ता हीन कार्य एवं ठेकेदारों की मनमानी चरम पर है।मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रायः बाहर रहते है मुख्यालय में उनकी उपस्थिति नगण्य है। पार्षदों के साथ अधिकारियों का उपेक्षा पूर्ण व्यवहार एवं छोटे छोटे कार्योंर् के लिए पार्षदों ▶▶| शेष पेज 10 पर

#### मौसम का यू-टर्न, चिलचिलाती धूप के बीच छाए काले बादल

# तेज हवाओं के साथ बारिश की आहट ने बढ़ाई किसानों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



मई का महीना इस बार लगातार उतार-चढ़ाव भरा साबित हो रहा है। कभी तेज धूप और उमस लोगों को बेहाल कर रही है तो कभी अचानक मौसम करवट लेकर बारिश और तेज हवाओं के साथ लोगों की चिंता बढ़ा दे रहा है। शुक्रवार की शाम करीब सवा पांच बजे एक बार फिर आसमान पर काले बादल उमड़-घुमड़ कर छा गए। देखते ही देखते तेज हवाओं के झोंके चलने लगे और मौसम का मिजाज बिगड़ता नजर आने लगा। अचानक बदले मौसम से लोगों में उहापोह की स्थिति बनी हुई है। बाजारों में मौजूद लोग जल्दबाजी में सुरक्षित स्थानों की ओर बढ़ने लगे, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग आसमान की ओर टकटकी लगाए मौसम के अगले रुख का अंदाजा लगाते रहे। मौसम के इस बदलते स्वरूप का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ रहा है। एक ओर किसान रबी फसल की कटाई और मिंजाई के काम में जुटे हुए हैं, वहीं दूसरी ओर धान को मंडियों तक पहुंचाने का सिलसिला भी जारी है। ऐसे में बीच-बीच में हो रही बारिश किसानों की चिंता बढ़ा रही है। कई जगह मंडियों में खुले में रखा धान भी भीगने की आशंका से किसान परेशान नजर आए। पिछले कुछ दिनों से लगातार मौसम में हो रहे बदलाव ने लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित कर दी है। तेज गर्मी के बीच अचानक बादल और बारिश से तापमान में गिरावट जरूर आती है, लेकिन उमस और अनिश्चितता लोगों को परेशान कर रही है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार फिलहाल मौसम का यही अस्थिर दौर कुछ दिनों तक जारी रहने की संभावना है।








### शिवलिंग व नंदी मूर्ति खंडित करने का जुर्म किया कबूल

**अभनपुर।** ग्राम खोला में बीती रात मंदिर में तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। प्रार्थी भानुप्रताप तारक ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह ग्राम खोला का निवासी है और गांव की नवयुवक मछुवारा समिति का सदस्य है। समिति द्वारा चौगाही तालाब को पंचायत से 7 वर्षों के लिए लीज पर लिया गया है, जिसका इस वर्ष अंतिम साल है। प्रार्थी के अनुसार तालाब में पानी कम होने के कारण वह अपने साथियों ओमकार तारक, विशेष तारक और राजा तारक के साथ प्रतिदिन रात में तालाब की चौकीदारी करता है। इसी दौरान 7-8 मई की दरम्यानी रात करीब 2 बजे तालाब की मेड़ पर बने मंदिर की ओर से जोरदार आवाज सुनाई दी। ▶▶| शेष पेज 10 पर




## खबर संक्षेप




### संगीता सिन्हा के नेतृत्व में महिला

**छुईहा बेलर।** जिला कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू ने संगीता सिन्हा को महिला कांग्रेस का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर इसे संगठन के लिए सकारात्मक और दूरगामी निर्णय बताया है। पुष्पा साहू ने कहा कि



संगीता सिन्हा एक अनुभवी, सक्रिय और जमीनी स्तर की नेता हैं, जिनकी कार्यशैली एवं नेतृत्व क्षमता महिला कांग्रेस को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में महिला कांग्रेस अधिक सशक्त, संगठित और सक्रिय रूप में कार्य करेगी। ब्लाक महिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमलता सिन्हा बेलर, प्रदेशीराम सिन्हा, दुर्गा प्रसाद सिन्हा, सरपंच डा राजेन्द्र साहू, सरपंच नेतराम सिन्हा, शेखर साहू,रोहणी साहू ,प्रभा जैन, संतोषी पुरें, रोशनी गोस्वामी, चंचल यदु, जानकी निर्मलकर, कमली साहू, योगेश्वरी साहू, हिमेश्वरी साहु, भुनेश्वरी बंजारे, रुपा सेन, भुनेश्वरी धुर्व, अनिता सिन्हा, सीमा सिन्हा,बिमला साहू, प्रेमिन गायकवाड़, ओम बाई खुटे, दिलेश्वरी सिन्हा, रेखीन सतनामी, बैजेंति साहू, भुनेश्वरी साहू, वेदलता गोस्वामी, पिंकी साहू , मनोज यदु,कमल भारतीय इत्यादि शामिल हैं।

### बंगाल में भाजपा की जीत विकास और विश्वास का विजय : शिशुपाल सोरी

**मैनपुर।** कांकेर के पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी मैनपुर पहुंचे। इस दौरान क्षेत्र के आदिवासी समाज प्रमुखो ने उनका आत्मीयता से स्वागत किया। कई समाजिक कार्यक्रम में शामिल



हुए। पूर्व संसदीय सचिव श्री सोरी ने कहा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर बढ़ रहे है और आज हर क्षेत्र में क्रांतिकारी विकास हो रहे है सरकार बुनियादी सुविधाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने प्रतिबद्ध है। उन्होने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों के हालिया नतीजों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्र सरकार की नीतियों पर जनता की अटूट आस्था का परिणाम बताया।

### महाराणा प्रताप जयंती आज

**महासमुंद।** राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा आज वीर शिरोमणि क्षत्रिय कुलभूषण महाराणा प्रताप की जयंती मनाई जाएगी। समाज द्वारा स्वाधीनता आंदोलन के महानायक वीर शिरोमणि क्षत्रिय कुलभूषण महाराणा प्रताप की 486 वी जयंती संध्या 05 बजे राजपूत क्षत्रिय भवन में मनाई जाएगी। इस अवसर पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। पश्चात महाराणा प्रताप के जीवन पर गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा तथा बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। उक्त जानकारी राजपूत क्षत्रिय समाज महासमुंद के अध्यक्ष उदयपाल सिंह भदोरिया व संरक्षक भरत सिंह ठाकुर ने देते हुए उक्त कार्यक्रम में सामाजिक सदस्यों से अधिक अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### सतनामी समाज जिला पदाधिकारियों का चुनाव कल

महासमुंद। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज महासमुंद जिला कार्यकारिणी की कार्यकाल समापन पश्चात निर्वाचन हेतु प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के संबंध में 28 अप्रैल 2026 को जिला स्तरीय बैठक रखा गया। जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा 10 मई 2026 रविवार को ही निर्वाचन या मनोनयन साहू सदन बीटीआई रोड़ महासमुंद में कराने का निर्णय पारित किया गया है।

**मौसम : अचानक छाने वाले बादलों से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें**

# तेज धूप ने बढ़ाई परेशानी, सड़कों पर सन्नाटा, लोग घरों में हुए कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले मे गर्मी और तेज धूप ने लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित कर दी है। दोपहर होते ही लोग घरों से निकलने से बच रहे हैं, वहीं जिला मुख्यालय गरियाबंद जाने वाले मार्गों पर भी अब वाहनों का सूनापन दिखाई देने लगा है। सफर करने वाले लोग धूप से बचने के लिए मुंह में गमछा, कपड़ा और अन्य बचाव सामग्री का उपयोग कर रहे हैं। गर्म हवाओं और तपती धूप के कारण लोग छांव और जंगली इलाकों में रुककर समय बिताने को मजबूर हो रहे हैं। लगातार बढ़ती गर्मी से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है और लोग बारिश का इंतजार कर रहे हैं। हलांकि पिछले दो-तीन दिनों से मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। कहीं हल्की बारिश तो कहीं तेज धूप लोगों को परेशान कर रही है। हल्की बारिश से लोगों को थोड़ी राहत जरूर मिली है, लेकिन चिलचिलाती धूप अब भी लोगों को डरा रही है। वहीं किसान अपनी मेहनत की फ़सल धान को सुरक्षित घर पहुंचाने में जुटे हुए हैं। मौसम के बदलते मिजाज को देखते हुए किसान जल्द से जल्द कटाई कार्य पूरा करने में लगे हैं, ताकि बारिश से फसल खराब न हो। तेज गर्मी और उमस के बीच किसान दिनभर खेतों में मेहनत कर रहे हैं। चार माह की कड़ी मेहनत से तैयार हुई फसल को बचाने के लिए किसान अपने स्वास्थ्य की परवाह किए बिना काम में जुटे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों खेतों में कटाई का कार्य तेजी से चल रहा है और किसान आसमान की ओर नजर बनाए हुए हैं।





### आंधी के साथ फिर हुई बारिश, किसान चिंतित

रसेला। मंगलवार से गुरुवार लगातार हुई आंधी तूफान और बारिश से बिजली व्यवस्था सुधार नहीं हो पाया था फिर शुक्रवार को शाम 5 बजे आंधी तूफान के साथ बादलों की गड़गड़ाहट के साथ मौसम ने करवट बदली और बारिश शुरू हो गई। बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं मौसम की स्थिति के कारण अधिकतर लोग घरों में ही रहने को मजबूर हैं। वहीं दूसरे दिन हुई बरसात के कारण अब किसान भी पूरी तरह से चिंतित दिखाई दे रहे हैं। किसानों का कहना है कि उनकी फसल की कटाई शुरू करने की तैयारियां होने को थे मगर रोज रोज हो रहें बारिश से फसलों को नुकसान हो रहा है। बता दें कि क्षेत्र में सुबह से शाम तक मौसम सामान्य और धूप खिली हुई थी, लेकिन शाम होते ही आसमान में



काले बादल छा गए करीब 14 से 15 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने लगी। धूल भरी हवाओं के कारण लोग घरों में कैद हो गए। बिजली भी बंद हो गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक हल्की बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है। किसानों और आमजन को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मई की शुरुआत से ही मौसम लगातार बदल रहा है। कहीं तापमान बढ़ रहा है तो कहीं बारिश हो रही है। तेज हवाएं और आंधी भी कड़ा इम्तिहान ले रही है। इस मौसमी कहर ने न केवल जनजीवन को प्रभावित किया बल्कि आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों पर भी गहरा असर डाला है। पर्यावरण विशेषज्ञ ने इसे जलवायु परिवर्तन का स्पष्ट संकेत बताया है। उनका कहना है कि यदि अब भी पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस और कारगर कदम नहीं उठाए गए, तो इस तरह की घटनाएं बार बार होगी और उनकी तीव्रता भी बढ़ती जाएगी। यह प्राकृतिक आपदा एक चेतावनी है कि हम प्रकृति के साथ जिस तरह का व्यवहार कर रहे हैं, उसका जवाब वह अपने तरीके से दे रही है।

## भीषण गर्मी से थमी रफ्तार सूनी सड़कें उगल रही आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

मई की यह गर्मी असहनीय हो गया है। सुबह 11 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक सड़कें कफ्र्यू की भांति सूना नजर आता है। गुरूवार दोपहर करीब 3 बजे का यह नजारा किसी कफ्र्यू जैसे माहौल से कम नहीं दिखा। पंडित जवाहरलाल नेहरू पुल से लेकर पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक और गरियाबंद मार्ग पूरे 2 किमी तक की सड़क पूरी तरह सूनी नजर आईं। शहर का यह बीचोबीच का हिस्सा है जो नेशनल 130 हाइवे कहलाता है। सड़क के किनारे में फल फ्रुट के ठेले एकदम वीरान नजर आया। दोपहर के समय सन्नाटा पसरा रहा। कहना न होगा कि तेज धूप और भीषण गर्मी ने लोगों को घरों में कैद रहने पर मजबूर कर दिया है। नगर की प्रमुख सड़कों पर इक्का-दुक्का वाहन ही दिखाई दिए, जबकि बाजारों में भी ग्राहकों की चहल-पहल पूरी तरह गायब रही। दुकानदार भी गर्म हवाओं और तपती धूप के कारण परेशान नजर आए। दोपहर के समय ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा नगर थम सा गया हो। लोगों का कहना है कि इस बार मई की शुरूआत में ही गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। गुरुवार को दोपहर में चल रही गर्म हवाओं और आसमान से बरसती आग जैसी धूप ने लोगों का जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित किया है। लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। कमोवेश महासमुंद-फिंगेश्वर मार्ग,राजिम-छुरा मार्ग की सड़कें इतनी सूनी दिखीं कि मानो किसी विशेष प्रतिबंध या कफ्र्यू का माहौल हो। नगरवासियों का कहना है कि सुबह से ही तेज धूप निकलने के साथ ही दोपहर होते-होते गर्मी असहनीय हो रही है। लोग बार-बार यही कहते नजर आए कि अब तो सुबह होते ही सूरज आग उगलने लगता है, दोपहर तक बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। गर्मी के कारण छोटे व्यवसायियों और फुटपाथ पर काम करने वालों की परेशानी भी बढ़ गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि हो सकती है। प्रशासन द्वारा भी लोगों को दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने, पर्याप्त पानी पीने और धूप से बचाव करने की सलाह दी जा रही है।

## बस्तर 1.0 इनोवेशन महाकुंभ में प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा की टीम शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर में दो दिवसीय इनोवेशन महाकुंभ बस्तर 1.0 का आयोजन महामहिम राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि बस्तर की पवित्र धरती प्राकृतिक संसाधनों, समृद्ध आदिवासी कला, संस्कृति और पर्यटन की अपार संभावनाओं से भरपूर है। उन्होंने आगे कहा कि इन संसाधनों को नवाचार और उद्यमिता के साथ जोड़कर क्षेत्र को वैश्विक पहचान दिलाई जा सकती है।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में प्रतिभा और संभावनाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल सही मंच,मार्गदर्शन और अवसर की है।उन्होंने आगे कहा कि इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को नवाचार एवं उद्यमिता के लिए एक मजबूत प्लेटफार्म मिल रहा



है। बस्तर में आदिवासी कला,लघु वनोपज जैविक कृषि, पर्यटन और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में अपार संभावनाएं है। इन्हें तकनीकी ब्रांडिंग और ई कॉमर्स से जोड़कर नई ऊंचाइयों तक ले जाया जा सकता है।इस मौके पर प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्र की टीम ने स्वदेशी जागरण मंच के साथ मिलकर विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से सहयोग प्रदान किया। बृजलाल मंडावी एवं पूरन लाल साहू सहित अन्य सहयोगियों ने इनोवेशन कार्यक्रम मे भाग लेते हुए बस्तर संभाग से आए छात्रछात्राओं से संवाद कर पर्यावरण संरक्षण,सीड बॉल (बीज गोला)निर्माण तथा बस्तर के समृद्ध, प्राकृतिक परिवेश के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की।इनोवेशन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करना था। वहीं प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा की टीम ने इसमें प्रकृति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित किया।

## आदर्श ग्राम श्यामनगर, स्वच्छता और हरियाली से बना प्रदेश के लिए प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा

स्वच्छता, हरियाली और जनसहभागिता के माध्यम से श्यामनगर आज क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक प्रेरणादायी मॉडल बनकर उभर रहा है। कभी सामान्य ग्रामीण बस्ती के रूप में पहचान रखने वाला श्यामनगर अब स्वच्छ वातावरण, सुव्यवस्थित सड़कें, हरियाली और सामुदायिक जागरूकता के कारण विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करता दिखाई दे रहा है। गांव में स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर लगातार कार्य किए जा रहे हैं। ग्रामीणों की सहभागिता से पूरे क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया गया है। गांव की साफ-सफाई, हरियाली और सुव्यवस्थित



व्यवस्था को देखने के लिए प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से लोग यहां पहुंच रहे हैं तथा श्यामनगर मॉडल की सराहना कर रहे हैं। जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अन्नपूर्णा-मनोज साहू का कहना है कि विकसित भारत की शुरूआत गांवों के विकास से ही संभव है और श्यामनगर उसी दिशा में अपना पहला मजबूत कदम बढ़ा चुका है। यहां स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी विशेष महत्व दिया जा रहा है। गांव के मार्गों, सार्वजनिक स्थलों एवं आसपास के क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से लगातार पौधारोपण किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार श्यामनगर आज इस बात का उदाहरण बन गया है कि यदि ग्रामीण एकजुट होकर संकल्प लें तो गांव की तस्वीर बदली जा सकती है। स्वच्छ वातावरण, सामाजिक जागरूकता और विकास कार्यों के कारण श्यामनगर पूरे प्रदेश के लिए एक आदर्श गांव के रूप में पहचान बना रहा है।

**आजादी के बाद पहली बार डुमरघाट पहुंचे विधायक**

## सड़क से सदन तक लड़ेंगे लड़ाई : जनक ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत बिहड़ वनांचल मे बसे ग्राम डुमरघाट मे नक्सली दहशत के चलते आज तक ब्लॉक स्तर के अधिकारियो ने कभी अपने पैर नहीं रखे अब नक्सलमुक्त होने के बाद सड़क विहीन इस ग्राम में शुक्रवार को बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव मोटर साइकिल चलाते हुए 12 किमी दूरी तय कर पहुंचे। विधायक के अचानक डुमरघाट पहुंचने से ग्रामीण खुशी से गदगद हो उठे और फुलमाला तथा पीला चांवल का तिलक लगाकर परंपरा अनुसार स्वागत किया गया स्कूल के सामने पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर विधायक ने ग्रामीणो की समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्रामीणो ने बताया गांव में पहुंचने के लिए आज तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं किया गया है जिसके कारण बारिश के दिनों में चार पहिया वाहन गांव नहीं पहुंच पाता और

### डुमरघाट पहुंचने वाले ध्रुव पहले विधायक : सुकचंद ध्रुव



क्षेत्र के सरपंच सहदेव सांडे, जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, देवीसिंह कमलेश ने बताया आज तक कोई भी विधायक, सांसद या बड़े अफसर इस गांव में नहीं पहुंचे हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण इस गांव में विकास कार्य अब तक नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने बताया की जनक ध्रुव पहले विधायक है जो आजादी के बाद डुमरघाट पहुंचे है जिससे ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया की सड़क, बिजली, प्रमुख मांग से विधायक को अवगत कराया है।

गर्भवती माताओं तथा बीमारों को अस्पताल ले जाने के लिए कांवर का सहारा लेना पड़ता है। कई बार समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाने के कारण ग्रामीणों की मौत भी हो चुकी है। गांव में आज तक बिजली नहीं लगा है जबकि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह जब बोईरगांव पहुंचे थे तो उन्होने 11 वर्ष पहले बिजली लगाने की घोषणा किया था लेकिन आज तक बिजली नही लग पाई ग्रामीण गल्लुराम कश्यप, रामेश्वर नेताम, बंशीराम कश्यप, जागेश्वर, अर्जुन नेताम, कुशल यादव, मानकी बाई, राजोबाई, सुकोबाई ने बताया की चांवल, दाल राशन लेने के लिए पैदल 06 किमी दूर बरदुला जाना पड़ता है और फिर 06 किमी वापस आना पड़ता है 12 किमी पैदल चलने के बाद ग्रामीणों को चांवल दाल नसीब हो पाता है। विधायक जनक ध्रुव ने कहा की मुझे ग्राम पंचायत बोईरगांव के आश्रित ग्राम डुमरघाट आने का सौभाग्य मिला यहां उन्होने रंगमंच निर्माण के लिए विधायक मद से राषि देने की घोषणा की साथ ही इस गांव मे बिजली पहुंचाने के अलावा सड़क निर्माण के लिए सड़क से सदन तक आंदोलन करने की बात कही है। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम कृष्ण ध्रुव, जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि सहदेव सांडे, गल्लु, बंशी कश्यप, भुनेश्वर मरकाम, संतोष यादव, गिरधारी क"यप, दसरू जगत एवं बड़ी संख्या मे क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि मोटर साइकिल से ग्राम डुमरघाट पहुंचे। वही पुलिस बल भी सुरक्षा की दृष्टि से तैनात रही।

पेज 9 के शेष...

### फिंगेश्वर नगर...

को बार बार कहने के बाद भी समय सीमा में कोई काम नहीं किया जाता।अधिनस्त कर्मचारियों एवं कार्यरत ठेकेदारों की मनमौजी पर कोई अंकुश नहीं है।राम भरोसे कार्य फिंगे"वर नगर पंचायत का चल रहा है।मुख्यनगर पालिका अधिकारी किसी भी बात का स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रहे है। परिषद की बैठक में सवाल जवाब होने पर बिना समाधान किए उठकर चले जाना इस बात का संकेत है कि अंदर खाने नगर पंचायत की कार्यप्रणाली संदेहास्पद है।पार्षदों ने कहा कि करोड़ों रुपए की लागत से चल रहे अमृत मिशन योजना फ्लॉप होता हुआ प्रतीत होता है।पेयजल संकट भीषण रूप ले लिया है नगर के वार्ड वासीयो को गंभीर जल संकट से जूझना पड़ रहा है।पार्षदों ने नगर हित में ध्यान देने नगर पंचायत के अधिकारी से अपील किया है। परिषद का बहिष्कार करने वाले वार्ड पार्षद रमलू टाडेकर, अभिषेक सोनी, नरेंद्र रात्रे, टीकाचंद ध्रुव, पदमा यदु, शांति कोसरे, चांदनी कश्यप,रामाधीन साहू एवं डॉ. हरीश कुमार हरित शामिल है।

### शिवलिंग व नंदी मूर्ति...

आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे भानुप्रताप ने देखा कि गांव का बालमुकुंद तारक मंदिर में स्थापित शिवलिंग और नंदी की प्रतिमा पर पत्थर पटककर उन्हें क्षतिग्रस्त कर रहा था। जब उसे रोकने और समझाने का प्रयास किया गया तो आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा और हाथ में पत्थर उठा लिया। घटना से घबराकर भानुप्रताप ने पास के नवनिर्मित मंदिर में सो रहे अपने साथियों को जगाया। सभी ने मौके पर पहुंचकर देखा कि शिवलिंग और नंदी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त हो चुकी थी, वहीं पास में स्थापित बजरंगबली की प्रतिमा पर भी पत्थर लगने से हल्की क्षति पहुंची है।

## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार की भाजपा जिला महामंत्री ने की सराहना

**सुरसाबांधा।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित सुशासन तिहार अभियान की भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने सराहना करते हुए इसे जनसमस्याओं के त्वरित समाधान एवं जनता से सीधे संवाद का प्रभावी माध्यम बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गांव-गांव



पहुंचकर आम जनता की समस्याओं को सुन रही है तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। सुशासन तिहार के माध्यम से लोगों की मांग, शिकायत एवं समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है, जिससे आमजन में सरकार के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। चंद्रशेखर साहू ने कहा कि शासन की यह पहल पारदर्शिता, जवाबदेही एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने वाली है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों के माध्यम से लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है, जिससे पात्र हितग्राहियों को सीधा लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार के इस जनहितकारी अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि सुशासन तिहार से प्रशासन और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हुआ है तथा लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है।

### सुशासन तिहार की ओंकार ने की सराहना

**सुरसाबांधा।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित सुशासन तिहार अभियान की क्षेत्र के युवा नेता ओंकार साहू ने सराहना करते हुए



इसे जनसमस्याओं के त्वरित समाधान एवं जनता से सीधे संवाद का प्रभावी माध्यम बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गांव-गांव पहुंचकर आम जनता की समस्याओं को सुन रही है तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। सुशासन तिहार के माध्यम से लोगों की मांग, शिकायत एवं समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है, जिससे आमजन में सरकार के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। युवा नेता ओंकार साहू ने कहा कि शासन की यह पहल पारदर्शिता, जवाबदेही एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने वाली है।

### बरसात लगने से पहले कच्चे घरों की मरम्मत कार्य में जुटे ग्रामीण

**नरा।** इन दिनों क्षेत्र में चिलचिलाती धूप भीषण गर्मी के बीच बेमौसम तेज आंधी के साथ दो दिन हुई बारिश अब ग्रामीण क्षेत्रों में अपने आशियाने को सुरक्षित करने की कवायद शुरू हो गया है। गर्मी के तीखे तेवरों के बीच अब ग्रामीण क्षेत्रों में मानसून की तैयारियां शुरू हो गई हैं। बारिश का मौसम दस्तक देने के पहले पहले ग्रामीण अपने कच्चे मकानों और खपरैल वाले घरो की तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि कैसे एक बुजुर्ग ग्रामीण अपने घर की छत पर चढ़कर टूटे हुए खपरैल बदल रहे हैं।

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी - छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

// शपथ-पत्र //

श्रीमती सुनीता गुप्ता (SUNITA GUPTA) उम्र 54 वर्ष पति श्री अजय गुप्ता, वार्ड क्र. 08 छुरा, पुराना बस स्टैण्ड , जिला गरियाबंद (छ.ग.) की निवासी हूँ जो कि मैं शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि -

01. यह कि मैं उपरोक्त वर्णित पते का स्थाई निवासी हूँ।
02. यह कि मेरे आधार कार्ड क्र. 9203 5688 8425 आधार कार्ड में मेरा नाम सुनीता गुप्ता (SUNTIA GUPTA) अंकित है।
03. यह कि मेरा नाम अन्य शैक्षणिक दस्तावेजों में नाम सुनीता गुप्ता (SUNITA GUPTA) अंकित है।
04. यह कि मैं अपने आधार कार्ड में दर्ज नाम सुनीता गुप्ता (SUNTIA GUPTA) के स्थान पर नाम परिवर्तन कर सुनीता गुप्ता (SUNITA GUPTA) पति अजय गुप्ता (AJAY GUPTA) अंकित करवाना चाहती हूँ।
05. यह कि मैं उपरोक्त नाम की भिन्नता को स्पष्ट करने एवं उपरोक्तानुसार अपने आधार कार्ड में नाम सुनीता गुप्ता (SUNITA GUPTA) दर्ज करने के उद्देश्य से शपथ-पत्र प्रस्तुत कर रही हूँ।

शपथकर्ती
सुनीता गुप्ता

सत्यापन

मैं श्रीमती सुनीता गुपता (SUNITA GUPTA) उम्र 32 वर्ष पति श्री अजय गुप्ता, वार्ड क्र.- 08 छुरा, पुराना बस स्टैण्ड जिला गरियाबंद (छ.ग.) की निवासी हूं जो कि उपरोक्त शपथ-पत्र की कंडिका 1 से 5 तक में उल्लेखित सभी बातें व जानकारी मेरी निजी ज्ञान के अनुसार सत्य एवं सही है। अतएव आज दिनांक 07 मई 2026 को अपना नाम हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

सत्यापनकर्ती
सुनीता गुप्ता

## ऐतिहासिक खोज : विभागीय टीम ने स्थल पर पहुंचकर पत्थर की सफाई कर निरीक्षण किया

# झरझरा माता मंदिर के पास मिला श्रीराम लिखा प्राचीन पत्थर, रामायण कालीन संस्कृति के प्रमाण!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

मुरमुरा स्थित झरझरा माता मंदिर परिसर इन दिनों ऐतिहासिक, पौराणिक एवं धार्मिक महत्व के कारण चर्चा का केंद्र बना हुआ है। घने जंगलों के बीच स्थित इस प्राचीन स्थल पर काले पत्थर में अंकित श्रीराम लेख मिला है, जिसे स्थानीय लोग आस्था और विरासत का प्रतीक मान रहे हैं। यह रहस्यमयी लेख अब शोधकर्ताओं एवं पुरातत्व विभाग के लिए भी अध्ययन का विषय बन गया है। स्थानीय शोधकर्ता राजकुमार यादव एवं गौकरण मानिकपुरी ने इस संबंध में पुरातत्व विभाग रायपुर, छत्तीसगढ़ शासन के डिप्टी डायरेक्टर जे.आर. भगत को जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद विभागीय टीम ने स्थल पहुंचकर पत्थर की सफाई कर उसका निरीक्षण किया तथा कैमरे में चित्र कैद किए। विशेषज्ञों द्वारा अब इस लेख का अध्ययन कराया जाएगा, जिससे यह पता लगाया जा सके कि यह किस काल एवं सदी का है। पुष्टि होने के बाद पत्थर को सुरक्षित संरक्षण में रखने की प्रक्रिया की जाएगी। विशेषज्ञों के अनुसार कुछ वर्ष पूर्व सिरपुर में खुदाई के दौरान लाल पत्थर पर इसी प्रकार की लिखावट मिली थी, जिसे वर्तमान में महंत गुरु घासीदास संग्रहालय में सुरक्षित रखा गया है। अलग-अलग स्थानों पर समान प्रकार की लिखावट मिलने से यह विषय और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। स्थानीय शोधकर्ता राजकुमार यादव ने बताया कि डोंगरीगांव क्षेत्र लगभग 200 वर्षों से वीरान पड़ा हुआ है, लेकिन यहां आज भी प्राचीन संस्कृति और धार्मिक विरासत के अनेक प्रमाण मौजूद हैं।



### क्षेत्र के विकास की नई उम्मीद

लगभग 150 एकड़ से अधिक घने जंगलों से घिरे इस क्षेत्र में आज भी मिट्टी से बने पुराने घरों के अवशेष टीले के रूप में दिखाई देते हैं। यहां शीतला माता, ठाकुरदिया, बरदे बाबा सहित अनेक ग्राम देवी-देवताओं के प्राचीन स्थल सुरक्षित हैं। इसके अलावा पुराने समय के मिट्टी के बर्तन जैसे हड़िया, कुड़ेरा एवं कनौजी के अवशेष भी यहां मिलते हैं, जो इस क्षेत्र की प्राचीन सभ्यता और संस्कृति की पुष्टि करते हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि इस स्थल का व्यवस्थित पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक अध्ययन कराया जाए, तो क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण ऐतिहासिक रहस्यों से पर्दा उठ सकता है। वर्तमान में यह स्थल धार्मिक आस्था, इतिहास और संस्कृति का अद्भुत संगम बनकर लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

### रामायण काल और सीता कुंड की मान्यता

जनश्रुतियों एवं बुजुर्गों के अनुसार यह क्षेत्र दंडकारण्य वन क्षेत्र का हिस्सा माना जाता है, जिसका उल्लेख वाल्मीकि रामायण एवं तुलसीकृत रामायण के अरण्यकांड में मिलता है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम वनवास काल के दौरान माता सीता एवं लक्ष्मण के साथ इस क्षेत्र में पहुंचे थे। कहा जाता है कि जेठ माह की तपती दोपहरी में माता सीता को प्यास लगने पर आसपास जल नहीं मिला, तब भगवान श्रीराम ने बाण चलाकर कुंड से जल प्रकट किया। वर्तमान में यह स्थान सीता कुंड के नाम से प्रसिद्ध है, जहां आज भी झिरिया से निरंतर जल निकलता रहता है। मान्यता है कि जिस पत्थर पर खड़े होकर भगवान श्रीराम ने बाण चलाया था, उसी पत्थर पर श्रीराम अंकित है। वहीं समीप स्थित कल्पवृक्ष को भी श्रद्धालु धार्मिक आस्था से जोड़कर देखते हैं। स्थानीय जनश्रुति के अनुसार प्राचीन समय में जतमाई माता वीरान जंगलों में पत्थरों के भीतर दर्शन देती थीं। बाद में कुसुमपानी क्षेत्र के जमींदार गुलाब राव महाड़िक को माता ने दर्शन दिए, जिसके बाद चैत माह में जातरा मनाने की परंपरा प्रारंभ हुई। वर्तमान में चैत एवं क्वार नवरात्रि में यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर ज्योति प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना करते हैं। डोंगरीगांव पूर्व में स्वतंत्र राजस्व ग्राम था।

## हसदा स्कूल के छात्रों ने अधिक अंक पाकर बढ़ाया मान



**नवापारा-राजिम।** शास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसदा के छात्र-छात्राओं ने इस बार कमाल का प्रदर्शन किया है। जिसमें विशेष रूप से 12वीं में कुमारी बिंदिया यादव 90.8, पीयुष साहू 90.2, जिज्ञासा चेलक 86.2, कक्षा दसवीं में इरा साहू 95.60, गितांजली



एवं करण साहू 90.8, तथा कक्षा आठवीं में पल्लवी ध्रुव एवं पूजा चेलक 97.17 प्रतिशत, चंद्रकला चेलक 95.83 एवं नम्रता साहू 94 प्रतिशत अंक लेकर परीक्षा पास की है। शाला के प्राचार्य एवं सरपंच ने इन बच्चों को शुभकामना दी है।

## बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही अकारण बिजली कटौती से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिना किसी सूचना के सुबह, शाम और रात में कभी भी बिजली बंद कर दी जा रही है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। भीषण गर्मी के बीच छोटे बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान हैं। बिजली बंद होने से लोगों को पंखा और कूलर का आराम नहीं



कोपरा, रवेली और कौनदकेरा में बिजली की आंख-मिचौली से ग्रामीण बेहाल

मिल पा रहा है। वहीं देर शाम हल्की हवा चलने पर भी लाइन बंद कर दिए जाने से लोगों की दिक्कत और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने विभाग से नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और अकारण कटौती बंद करने की मांग की है।

## 2 करोड़ 37 लाख की सड़क निर्माण स्वीकृति पर ग्रामीणों ने रोहित साहू का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

मुरमुरा से झरझरा पहुंच मार्ग पर 2 करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत होने पर क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए ग्रामीणों ने विधायक रोहित साहू के निवास पहुंचकर आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से सड़क की मांग की जा रही थी, जिसके पूरा होने से आवागमन सुगम होगा तथा क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इस दौरान ग्रामीणों ने लोहरसी सरगी में निर्मित उच्च स्तरीय पुल के लोकार्पण को लेकर भी विधायक से चर्चा की। ग्रामीणों ने बताया कि पुल निर्माण होने से क्षेत्र के कई गांवों का संपर्क मजबूत हुआ है और बारिश के दिनों में होने वाली परेशानियों से लोगों को राहत मिलेगी। बैठक में जियोणोधार ग्राम पंचायत भवन मुरमुरा से



संबंधित विषयों पर भी चर्चा हुई। साथ ही क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों एवं जनसमस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष अपनी बातें रखीं। विधायक रोहित साहू ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास जारी रहेंगे और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर शिवांगी चतुर्वेदी, जिला पंचायत सभापति गरियाबंद, दीपक कुमार ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत मुरमुरा, कोमल साहू उप सरपंच, ढालू राम साहू, अध्यक्ष झरझरा विकास समिति, अनिल कुमार साहू, सुरेश कुमार साहू, कुलेश्वर साहू, बेदराम साहू, खिलावन साहू, रूपेश साहू, ओंकार साहू, सुरेखा साहू, भागा ध्रुव, संतोषी साहू, धनेश्वरी ध्रुव, देवकी साहू, कुणाल ध्रुव और ग्रामीणजन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## वैदिक गणित प्राचीन व सरलतम विधि है : डॉ. देवनारायण





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रांतीय वैदिक गणित प्रशिक्षण वर्ग के शुभारंभ अवसर पर डॉ. देवनारायण साहू ने कहा कि वैदिक गणित प्राचीन व सरलतम विधि है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वैदिक गणित विषय को कौशल विकास के रूप में शामिल किया है जो हमारे भारतीय ज्ञान परंपरा के गौरव बढ़ता है। वैदिक गणित गणितीय प्रश्नों को सरल और त्वरित तरीके से हल करने की तकनीकों/सूत्रों का संग्रह है। इसमें 16 सूत्र और 13 उप-सूत्र शामिल हैं जिनका उपयोग अंकगणित, बीजगणित, ज्यामिति, कलन विज्ञान और शंकु आकृतियों से संबंधित समस्याओं को हल करने के लिए किया जा सकता है। वैदिक गणित एक गणितीय प्रणाली है जिसकी खोज भारतीय गणितज्ञ जगद्गुरु भारती कृष्ण तीर्थ जी ने की थी उन्होंने अपने निष्कर्षों को तीर्थजी महाराज द्वारा रचित वैदिक गणित की पुस्तक में प्रकाशित किया था। वेद संस्कृत का शब्द है जिसका अर्थ है 'ज्ञान'। नियमित गणितीय विधियों का उपयोग करके समस्याओं को हल करना कभी-कभी जटिल और समय लेने वाला होता है। लेकिन वैदिक गणित की सामान्य तकनीकों जो सभी प्रकार के डेटा पर लागू होती हैं और विशिष्ट तकनीकों जो विशिष्ट प्रकार के डेटा पर लागू होती हैं का उपयोग करके संख्यात्मक गणनाएँ बहुत तेजी से की जा सकती हैं।वैदिक गणित जोड़, घटाव, गुणा, भाग, वर्गमूल और उच्चतर गणनाओं पर आधारित गणनाओं में गति और सटीकता बढ़ाने में सहायक होता है। पाँच दिवसीय इस प्रशिक्षण वर्ग में छत्तीसगढ़ प्रांत के विभिन्न विद्यालयों से 35 आचार्य दीदी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य नामदास लहरे ने किया। कार्यक्रम के उदघाटन सत्र में विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष राघोबा महाड़िक, अजय साहू, रामकुमार गोस्वामी, प्राचार्य गोविंद चौधरी, प्रशिक्षक मालिक वर्मा, ललित सेंगर, लक्ष्मीनारायण जायसवाल, मुकेश निर्मलकर उपस्थित रहे।

## मंडल स्तरीय मासिक बैठक में संगठन विस्तार व आगामी कार्यक्रमों पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार और भारतीय जनता पार्टी जिला गरियाबंद के मार्गदर्शन में 7 मई को ग्राम रसेला के गायत्री मंदिर में मलेवाअचल भाजपा मंडल का मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मलेवाअचल मंडल के समस्त पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य की उपस्थिति में संगठनात्मक गतिविधियों, चल रहे अभियानों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक का शुभारंभ संगठन के नियमित क्रम के अनुसार किया गया, मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने स्पष्ट कहा कि संगठन की मजबूती का आधार मंडल और बूथ स्तर की सक्रियता है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी



जिम्मेदारी को समझते हुए पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ कार्य करना होगा। महामंत्री नारायण सिन्हा, ईश्वर वर्मा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे कल्याण, किसान हित, महिला सशक्तिकरण और युवा रोजगार से जुड़ी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया। इसी कड़ी में भाजपा के वरिष्ठ सदस्य श्यामलाल सोरी ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य केवल राजनीतिक कार्य नहीं, बल्कि समाज सेवा और जनहित के कार्यों के माध्यम से आमजन का विश्वास मजबूत करना है। उपाध्यक्ष टंकेश्वर सोरी, मंत्री भुवेन्द्र मरकाम, किसान मोर्चा मंडल प्रवक्ता नारायण सिंह ठाकुर, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता, मंडल कोषाअध्यक्ष गैंदराम, दीपेश दीवान ने जानकारी देते हुए कहा कि संगठन द्वारा निर्धारित सभी अभियानों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करना है। साथ ही बूथ सशक्तिकरण व्यवस्था को मजबूत करने, लाभार्थी संपर्क अभियान को तेज करने और नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिए विशेष प्रयास करने के लिए कहा। इस मासिक बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह भरना और जमीनी स्तर पर संगठन को सक्रिय बनाए रखना है। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि प्रत्येक महीने में 1 से 7 तारीख को प्रथम सप्ताह में मंडल की बैठक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने पांच राज्यों के चुनावों में हुई तीन राज्यों में पार्टी की प्रचंड विजय की शुभकामनाएं भी दी। इस मौके पर मलेवाअचल के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारणी सदस्य उपस्थित थे।

## हरिहर शाला नवापारा में शिक्षकों का आईसीटी प्रशिक्षण, 16 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा- राजिम

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ एवं जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार शासकीय हरिहर उत्कृष्ट विद्यालय में गुरुवार से शिक्षकों के लिए आईसीटी प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 मई तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को डिजिटल शिक्षा प्रणाली से जोड़ना तथा आधुनिक तकनीकों के माध्यम से शिक्षण कार्य को अधिक प्रभावी बनाना है। प्रशिक्षण में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कंप्यूटर संचालन, स्मार्ट क्लास, प्रोजेक्टर उपयोग, इंटरनेट, ई-मेल, ऑनलाइन शिक्षण सामग्री, डिजिटल कंटेंट निर्माण तथा विभिन्न शैक्षणिक एप्स एवं पोर्टल




की जानकारी दी जा रही है। मास्टर ट्रेनर्स किशन सिंह ठाकुर द्वारा शिक्षकों को प्रायोगिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है ताकि वे विद्यालयों में विद्यार्थियों को आधुनिक तरीके से शिक्षा दे सकें। कार्यक्रम के अवसर पर प्राचार्य दानी मैम ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में तकनीक का महत्व लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में शिक्षकों का डिजिटल रूप से दक्ष होना आवश्यक है। इस प्रशिक्षण से शिक्षकों की कार्यक्षमता बढ़ेगी और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं रुचिकर शिक्षा मिल सकेगी। प्रशिक्षण केंद्र में सभी आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों की उपस्थिति एवं मूल्यांकन भी किया जाएगा। सफल प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। स्थानीय शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आईसीटी प्रशिक्षण से शिक्षण कार्य आसान और अधिक प्रभावी बनेगा तथा विद्यार्थियों को नई तकनीकों से सीखने का अवसर मिलेगा।

## सरगी नदी पर माफियाओं का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

क्षेत्र की जीवनदायिनी सरगी नदी इन दिनों लगातार अवैध रेत खनन का दंश झेल रही है। नदी किनारे रेत माफियाओं का डेरा बना हुआ है, जहां ट्रैक्टरों के माध्यम से खुलेआम अवैध रूप से रेत का खनन और परिवहन किया जा रहा है। मुनाफे की लालच में प्राकृतिक संसाधनों का दोहन इस कदर बढ़ गया है कि अब सरगी नदी का स्वरूप ही



बदलता नजर आने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि जहां पहले नदी में साफ बालू दिखाई देता था, वहां अब मिट्टी और गाद नजर आने लगी है। लगातार हो रहे अवैध उत्खनन के कारण नदी का आकार और स्वभाव



सरगी नदी का अस्तित्व खतरे में रेत खनन से नाले में हो रही तब्दील

बदल रहा है तथा नदी अब नाले का रूप लेती दिखाई दे रही है। मामले की पड़ताल पर जब विभाग के अधिकारी को दूर भाषा से संपर्क किया गया तो उनका मोबाइल बंद आया।



**खबर संक्षेप**

## पारागांव में शराब बिक्री करते दो कोचिया गिरफ्तार



**नवापारा-राजिम।** नवापारा पुलिस ने ग्राम पारागांव में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शराब कोचियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 42 पौवा देशी मसाला शराब जब्त की है, जिसकी कीमत लगभग 4200 रुपये बताई जा रही है। आरोपी का नाम शंकर निषाद पारागांव का बताया गया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक सफेद प्लास्टिक बोरी में रखी 42 पौवा देशी मसाला शराब यूनिक सीलबंद बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 7.560 बल्क लीटर है। आरोपियों से शराब रखने एवं बिक्री करने संबंधी वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे कोई लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना नवापारा में अपराध क्रमांक 134/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया तथा न्यायालय में पेश किया गया गिरफ्तार आरोपियों में शंकर निषाद उम्र 32 वर्ष एवं सीताराम निषाद उम्र 37 वर्ष निवासी गांधी चौक पारागांव थाना नवापारा जिला रायपुर शामिल हैं। उक्त कार्रवाई में थाना नवापारा से प्रधान आरक्षक रणजीत साहू, प्रधान आरक्षक कमल बघेल एवं सैनिक भेखलाल निर्मलकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर की गई कार्यशाला

**अभनपुर।** शासकीय काव्योपाध्याय हीरालाल महाविद्यालय अभनपुर में आइक्यूएसी प्रकोष्ठ द्वारा रोल ऑफ आईपीआर इन रिसर्च एंड डेवलपमेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. अमित दुबे ने पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क सहित विभिन्न बौद्धिक संपदा अधिकारों की उपयोगिता एवं महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में शैक्षणिक स्टाफ एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने भाग लेकर शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में आईपीआर की भूमिका को समझा। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों के ज्ञान में वृद्धि करना और शोध के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

### सुशासन तिहार : 400 से अधिक आवेदन मिले, अनेक प्रकरणों का मौके पर निराकरण

# सरकार ग्रामीणों की समस्याओं का कर रही त्वरित समाधान : गौरीशंकर कश्यप





**हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में सुशासन तिहार 2026 का आयोजन 1 मई से लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में गरियाबंद जिले के देवभोग विकासखंड मुख्यालय अंतर्गत ग्राम माडागांव में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण एवं समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित होकर अपनी समस्याएं, मांग एवं शिकायतें प्रशासन के समक्ष रखीं। शिविर में आवास मांग, राशन कार्ड, श्रम कार्ड नवीनीकरण, आधार कार्ड सुधार, नाली निर्माण, सड़क निर्माण, पुलिया निर्माण, नल कनेक्शन तथा राजस्व प्रकरणों सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 400 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से अनेक प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष प्रकरणों के त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में ग्राम के अमर शहीद भीष्म कुमार यदु के पिता नंदोलाल यदु का जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर नक्सल ऑपरेशन में वीरगति प्राप्त शहीद भीष्म कुमार यदु की वीरता एवं बलिदान को स्मरण करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। मछली पालन विभाग द्वारा जय मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह माडागांव एवं युवा मछुआ सहकारी समिति देवभोग के हितग्राहियों को जाल एवं आइस बॉक्स का वितरण किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिवानमुंडा के 70 वर्षीय पोड़राम को ट्राइसाइकिल तथा 19 वर्षीय दिव्यांग पूजा मरकाम को व्हीलचेयर प्रदान की गई।

## शिक्षा के क्षेत्र में सितारों का सम्मान

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। सेजेस स्कूल झाखरपारा की छात्र कुमारी कमला मरकाम को कक्षा 10वीं में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। वहीं शासकीय प्राथमिक शाला कोड़ोबेड़ा के छात्र देव आशीष पात्र के पाण्डुका स्थित नवोदय विद्यालय में चयन होने पर प्रशंसा की गई। शहीद भीष्म कुमार यदु शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय माडागांव के प्राचार्य मन्नूराम सांडिल्य को विद्यालय का 10वीं एवं 12वीं का शत-प्रतिशत परिणाम तथा सभी विद्यार्थियों के प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर सम्मानित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दो गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कर उन्हें आकर्षक उपहार एवं पौष्टिक आहार सामग्री प्रदान की गई। साथ ही एक बच्चे का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया। यह समाधान शिविर शहीद भीष्म कुमार यदु हाई स्कूल माडागांव परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र के 18 गांवों के ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरा अपर कलेक्टर श्री पंकज डाहीरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# डांगनबाय में तालाब गहरीकरण कार्य का भूमिपूजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा**



जल संरक्षण एवं संवर्धन को प्राथमिकता देते हुए ग्राम पंचायत हरदी के आश्रित ग्राम डांगनबाय में रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत सार्वजनिक तालाब के गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम बुधवार को हर्षोल्लास साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच गोमती ध्रुव एवं विशिष्ट अतिथि उपसरपंच एवं अध्यक्ष उप सरपंच संघ रुपनाथ बंजारे ने विधि-विधानपूर्वक भूमि पूजन कर कुदाली एवं तगाड़ी चलाकर श्रमदान किया और कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान उपस्थित जनसमुदाय ने करतल ध्वनि एवं /"जल है तो कल है, नरेगा जिंदाबाद के उद्घोष से संपूर्ण परिसर को गुंजायमान कर दिया। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त इस महत्वाकांक्षी परियोजना की कुल प्रशासकीय लागत 8.50 लाख रुपये आंकी गई है। नियमानुसार 80:40 के अनुपात में श्रम एवं सामग्री मद से व्यय किया जाएगा। इस कार्य से लगभग 306 जॉबकार्डधारी परिवारों को प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होगा, जिससे पलायन पर अंकुश लगेगा एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संबल मिलेगा। इस अवसर पर सरपंच गोमती ध्रुव ने कहा हर खेत को पानी, हर हाथ को काम। डांगनबाय ग्राम वर्षों से भीषण जल संकट से जूझ रहा था। ग्रीष्म ऋतु में निस्तारी एवं मवेशियों के लिए पानी की एक-एक बूंद के लिए ग्रामीण तरस जाते थे। तालाब के गहरीकरण से न केवल जल संग्रहण क्षमता में 35 प्रतिशत तक की वृद्धि होगी, अपितु भू-जल स्तर के पुनर्भरण में भी उल्लेखनीय योगदान मिलेगा। यह कार्य खरीफ एवं रबी दोनों फसलों के लिए जीवनदायिनी साबित होगा। उपसरपंच रुपनाथ बंजारे ने मनरेगा को ग्रामीण विकास की रीढ़ बताते हुए कहा, नरेगा योजना वास्तव में गरीब, मजदूर एवं किसान वर्ग के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। इस योजना से जहां एक ओर आधारभूत संरचना सुदृढ़ हो रही है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों को उनके घर-आंगन में ही सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध हो रहा है। डबल इंजन की सरकार गांव, गरीब, किसान के उत्थान के लिए कृतसंकल्पित है। भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने शासन की इस जनकल्याणकारी पहल के लिए आभार व्यक्त किया।रोजगार सहायक मीरा कंवर ने कहा कि पहले तालाब में बरसात के 4 माह बाद ही पानी खत्म हो जाता था, अब गहरा होने से सालभर पानी मिलेगा। इस गरिमामयी अवसर पर पंच शत्रुघन कंवर, रमन जगत,जयराम साहू,बैसाखीन बाई, खुशली बाई,मितानिन, स्व-सहायता समूह की दीदियां, मेट रामरतन साहू, जयराम साहू,ग्रामीण रामधन, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत सभी को प्रसाद वितरण किया गया।







नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होंगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740